आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

25.07.2024 समय : 1850

- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने ्कल नगरपालिका परिषद द्वारा ब्रुक्शाबाद में स्थापित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी का उद्‌घाटन किया।
- द्वीपसमूह में स्कूलों को तम्बाकू मुक्त बनाने और बनाए गए नियमों को लागू करने के लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों और प्रबंधन एजेंसियों के लिए आदेश जारी किया गया है।
- दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान ज़िले में आवासीय और वाणिज्यिक संस्थानों को किराए या उप–किराए पर देने से पहले इसमें रहने वाले लोगों की जानकारी नजदीकी पुलिस थाने में देने को कहा गया है।
- आदर्श करियर केन्द्र की ओर से पीएम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल प्रातरापुर में करियर मार्गदर्शी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद द्वारा ब्रुक्शाबाद में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी की स्थापना की गई है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल इसका उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इससे कूड़े–कचरे के निपटान की प्रकिया में बढ़ोत्तरी होगी और शहर स्वच्छ रहेगा। यह प्रयास नगरपालिका परिषद की वहनीय शहरी विकास की ओर ठोस प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्य सचिव ने शहर को साफ–सुथरा बनाए रखने में योगदान देने के लिए सफाई कर्मियों को प्रमाणपत्रों का वितरण किया। उन्होंने कचरा प्रबंधन को असरदार बनाने के लिए कई होटलों को भी स्वच्छता पुरस्कार से नवाज़ा। मुख्य सचिव ने स्वयं सहायता समूह– स्त्री हौसला की ओर से तैयार खाद से भरे बैग को कृषि अधिकारी को सौंपा, ताकि वे नगरपालिका परिषद के विभिन्न उद्यानों में इसका प्रयोग कर सके। परिषद के सचिव अमित काले ने अपने संबोधन में कहा कि स्थापित यह सुविधा सूखे कचरे का निपटान और प्रबंधन को बढ़ाने में मदद देगी और इससे कचरों को अलग–अलग करने की प्रकिया को और बेहतर बनाया जा सकेगा। श्री काले ने लोगों से अपने घरों में ही कचरों को अलग–अलग करने की आदत को अपनाने और कूड़े–कचरे बाहर न डालने का अनुरोध किया, ताकि शहर को स्वच्छ और साफ–सुथरा रखा जा सके।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में स्कूलों को तम्बाकू मुक्त बनाने और बनाए गए नियमों को लागू करने के लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों और प्रबंधन एजेंसियों के लिए आदेश जारी किया गया है। दक्षिण अंडमान ज़िले के सभी सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख परिसर स्थल पर धूम्रपान निषेध क्षेत्र का बोर्ड प्रदर्शित करना होगा। मुख्य द्वार और स्कूल के बाहरी सीमाओं के सौ गज की परिधि पर तम्बाकू की बिकी पर प्रतिबंध को दर्शाते तम्बाकू निषेध शैक्षणिक संस्थान का बोर्ड या बैनर भी प्रदर्शित करना होगा। कैन्टीन और होस्टल सहित किसी को भी पूरे शैक्षणिक संस्थान परिसर में किसी भी प्रकार के तम्बाकू के सेवन करने पर प्रतिबंध रहेगा। इनमें संकाय सदस्य, विद्यार्थी, अभिभावक या आगन्तुक शामिल हैं। पुलिस और प्रवर्तन एजेंसियों को उल्लंघन की जांच करने के लिए बेतरतीब जांच करने को भी कहा गया है। नियमों के तहत संस्थान प्रमुख या पदनामित अधिकारी को कैन्टीन सहित संस्थान परिसर में तम्बाकू का इस्तेमाल करने वालों पर दो सौ रूपये का जुर्माना लगाने के लिए प्राधिकृत किया गया है। संस्थान के मुख्य द्वार या सीमा के सौ यार्ड की परिधि में तम्बाकू की बिकी करने वाले विकेताओं पर भी दो सौ रूपये का जुर्माना लगाने के लिए इन्हें ही प्राधिकृत किया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान ज़िले में आवासीय और वाणिज्यिक संस्थानों को किराए या उप–किराए पर देने से पहले इसमें रहने वाले लोगों की जानकारी नजदीकी पुलिस थाने में देने को कहा गया है। दोनों ज़िले के ज़िला मजिस्ट्रेटों की ओर से इस संबंध में आदेश जारी करते हुए यह कहा गया है कि इस निर्णय से असामाजिक तत्वों के भागने या छिपने पर रोक लगाया जा सकता है और इससे लोगों की सुरक्षा तथा ज़िले में शांति को भी कायम किया जा सकेगा। आदेश के तहत किसी भी मकान मालिक या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के प्रबंधक या मालिकों को  किराएदारों या पेईंग गेस्ट को रखने से पहले स्थानीय पुलिस थाने में इसकी जानकारी देनी होगी। नौकर के संबंध में भी यह आदेश लागू होगा। आदेश चौबीस जुलाई से लागू हो गई है और अगले साठ दिनों तक लागू रहेगी। यह आदेश होटल, गेस्ट हाउस, बेड एंड ब्रेकफास्ट, होम स्टे और लॉज पर भी लागू हो गई है।

<><><><><><>

आदर्श करियर केन्द्र की ओर से पिछले दिनों पीएम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल प्रातरापुर में करियर मार्गदर्शी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर चुनने के बारे में जानकारी देना और कौशल प्रशिक्षण के बारे में उन्हें बताना था। व्यवसायिक मार्गदर्शी अधिकारी के. बीनू ने करियर का निर्णय लेते समय सावधानी बरतने और उन्हें उनकी रूचि के अनुसार करियर चुनने को कहा। विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों और इसकी रोजगार संभावनाओं पर भी जानकारी दी गई। आई टी आई डॉलीगंज के इंस्ट्रक्टर रूपक ने आई टी आई की ओर से चलाई जा रही विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। इसी तरह का कार्यक्रम पीएम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल बम्बूफ्लाट और ग्राम पंचायत टुसनाबाद तथा नीलाम्बुर में भी आयोजित की गई।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा ने ग्यारह जुलाई को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस की धारा एक सौ तिरसठ के तहत डेरीफार्म जंक्शन और इसके आस–पास के क्षेत्रों के अलावा जंगलीघाट जेट्टी क्षेत्र और वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र में पांच या इससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। स्थिति के सामान्य हो जाने के कारण अब इस आदेश को रद्द कर दिया गया है।

<><><><><><>

कंदमूल फसलों की वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के बारे में प्रशिक्षण देने के लिए ननकौड़ी गांव के निकोबारी कृषकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ जयशंकर ने मसालों की खेती, इसके इस्तेमाल, वैज्ञानिक तरीके से कंदमूल फसलों की खेती करने और इसके प्रबंधन की जानकारी दी। चार गांव के डेढ़ सौ से अधिक कृषकों ने इन कार्यक्रमों मे हिस्सा लिया। किसानों को उनके उपयोग में आने वाली उपकरणों का वितरण भी किया गया।

<><><><><><>

पशुपालन और पशुचिकित्सा निदेशालय में एक वर्ष अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। कुल सोलह पदों में दो पद अनुसूचित जाति, एक पद अनुसूचित जनजाति, तीन पद अन्य पिछड़ा वर्ग, चार पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए होगी, जबकि छः पद अनारक्षित है। निर्धारित योग्यताधारक उम्मीदवार दिए गए मेल पर कल दिन में बारह बजे से चौबीस अगस्त की मध्य रात्रि तक आवेदन कर सकते हैं। इस बारे में विवरण पशुपालन विभाग और प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

बम्बूफ्लाट उप–केन्द्र में जरूरी कार्य किए जाने के चलते कल दक्षिण अंडमान के कुछ भागों में सुबह आठ बजे से दिन में बारह बजे तक और सत्ताईस जुलाई को सुबह आठ बजे से शाम तीन बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक बाईस मिलीमीटर, लांग आइलैंड में दस, हटबे मे आठ दशमलव दो और कार निकोबार में तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले कुछ दिनों तक मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप–शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उन्नीस वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों के फुटबॉल टूर्नामेंट में आज जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में कुल चार मैच खेले गए, जबकि भातुबस्ती स्कूल मैदान में भी आज कुल चार मैच खेले गए।

<><><><><><>